# कार्यालय, प्राचार्य, वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जालोर

क्रमांक–वीवीरामजा / 2019–20 / SPL-16 दिनांक :16.10.2018

## कार्यालय आदेश

### IQAC MEETING [SESSION 2018-19]

IQAC समिति की बैठक आज दिनांक 16.10.2018 को प्राचार्य एम. एल. जांगिड की अध्यक्षता में दोपहर 1.00 बजे स्टॉफ रूम में आयोजित की जाएगी। बैठक में IQAC निम्न सदस्य आवश्यक रूप से उपस्थित रहे।

1. श्री अर्जुनसिंह उज्जवल–समन्वयक
2. श्री आर.एल. नौगिया पुस्तकालयाध्यक्ष–सदस्य
3. डॉ. राजकुमारी रामदेव,–सदस्य
4. डॉ. हरिशचन्द्र–सदस्य
5. श्री मनीष अखावत सदस्य
6. श्रीमती कृष्णा देवल–सदस्य
7. श्री रविन्द्र कुमार–सदस्य
8. सुश्री कविता परिहार विद्यार्थी–सदस्य
9. श्री उकाराम परिहार–एल्यू सदस्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
जालोर

# IQAC - Meeting

IQAC (सत्र 2018-19) की बैठक आज दिनांक 16/10/18 को दोपहर 1:00 बजे स्टॉफ रूम में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. एम एल. जांगिड़ महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में निम्नांकित सदस्यों ने भाग लिया।

1. डॉ. एम. एल. जांगिड़ प्राचार्य
2. श्री अर्जुनसिंह उज्ज्वल, समन्वयक
3. श्री आर. एल. मोगिया, सदस्य
4. डॉ. हरिशचन्द्र, सदस्य
5. श्री मनीष अखावत, सदस्य, मनीष
6. श्रीमती कृष्णा देवल, सदस्या
7. श्री रविन्द्र कुमार, सदस्य, रविन्द्र
8. सुश्री कविता परिहार विद्यार्थी सदस्य, Kavita
9. श्री उकाराम परिहार, एल्मु. सदस्य. UR

बैठक में गत बैठक दिनांक 27/07/2018 में लिये गये निर्णयों की प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा हुई। एवं वर्तमान सत्र में जारी सहशैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई।

1. पुस्तकालय के Automation की कार्यवाही की गई। हर्ष का विषय रहा है कि पुस्तकालय में Automation का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों के Bar-coding एवं फीडिंग का कार्य जारी है। निकट भविष्य में पुस्तकालय का पूर्ण ~~संभव~~ रूपेण Automation हो जाएगा। इसके साथ ही पुस्तकालय में Reading-Room को व्यवस्थित कर दिया गया है। पुस्तकालय



P.T.O

भवन में पीने के पानी के लिए एक R.O. मशीन लगवाई गई है।

2. महाविद्यालय में E-Class Room की स्थापना हेतु आयुक्तालय द्वारा निर्धारित Raj Comp के माध्यम से कार्य प्रारम्भ हो गया है। E-Class Room से सम्बन्धित उपकरण आ चुके हैं एवं Installation का कार्य जारी है। इस हेतु पूर्व निर्धारित कक्ष क्रमांक 8 में E-Class Room की स्थापना की जा रही है।

3. कार्यालय में एक पृथक Computer facility Room की व्यवस्था कर दी गई है। प्राचार्य कक्ष के सामने वाले कक्ष में तीन (Computer Systems with Inter-net facility) कम्प्यूटर स्थापित कर दिये गये हैं। इसके साथ 2 प्रिंटर भी लगाये गये हैं। लगातार विद्युत आपूर्ति होती रहे इसके लिए इन्वेटर की व्यवस्था भी की गई है। दो कम्प्यूटर आपरेटर इसका संचालन कर रहे हैं।

4. गत बैठक में महाविद्यालय परिसर में एक अतिरिक्त प्याऊ की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया था। इस हेतु स्थानीय समाज के कई लोगों से सम्पर्क किया गया। भामाशाह के रूप में श्री — — — ने एक प्याऊ का निर्माण एवं उसमें पानी की पूरी व्यवस्था हेतु नल फीटिंग एवं वाटर कूलर लगा कर देने की सहमति दी है। शीघ्र ही प्याऊ का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जाएगा इसके लिए महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार क्र० 2 पर स्थित कैंटीन के पीछे वाला स्थान निश्चित किया गया है। शीघ्र ही महाविद्यालय में पीने का स्वच्छ व ठंडा पानी हेतु अतिरिक्त व्यवस्था हो जाएगी।

P.T.O.

Thanks for your trust in "SARVOTTAM"

5. महाविद्यालयों में कुछ अतिरिक्त स्थानों पर CCTV की व्यवस्था करने हेतु कार्यवाही जारी है उम्मीद है, शीघ्र ही यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।

6. Self Finance Courses के प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं। शीघ्र ही आयुक्तालय को प्रेषित कर दिये जाएंगे।

7. बैठक में मूल भवन की छत पर क्षतिग्रस्त स्थानों की मरम्मत, कुछ अतिरिक्त पानी की टंकियों की व्यवस्था करने पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही E-class Room में AC लगवाने, Botani-cal garden की चार-दीवारी का निर्माण एवं खेल मैदान में Racing Track के निर्माण सम्बन्धी विषयों की कार्य योजना भी तैयार की गई

8. भौतिक शास्त्र की नई प्रयोगशाला बनकर तैयार हो चुकी है। अतः इसके लोकार्पण हेतु इसके निमित्त धन की व्यवस्था करने वाले श्री से आग्रह किया जाना चाहिए। ताकि शीघ्र ही यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों के उपयोगार्थ प्रारम्भ हो सके।

9. छात्रों के परिचय पत्रों का भी कार्य कई कक्षाओं के लिए तैयार किया जा चुका है। शेष कार्य भी प्रगति पर है

10. सहशैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन की जानकारी प्रभारी स्टॉफ सदस्यों से हासिल की गई। कलेण्डर अनुसार कई प्रतियोगिताएं आयोजित हो चुकी हैं। अभी सत्र दौरान करवाई जानी है।

उपर्युक्त विषयों पर चर्चा के बाद मीटिंग समाप्ति की घोषणा की गई।